बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-456
12/12/2019

मुख्यमंत्री ने मधुबनी के राजनगर प्रखण्ड में जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

पटना, 12 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राजनगर अंचल के सिमरी पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन परिसर में जल–जीवन–हरियाली अभियान एवं सात निश्चय के तहत चल रही योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने जल–जीवन–हरियाली अभियान से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही विभिन्न विभागों एवं मिथिला चित्रकला संस्थान द्वारा लगाये गये स्टॉलों का भी निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने अकीरा मियावाकी पद्धति से चलाये जा रहे सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी अवलोकन किया। अकीरा मियावाकी पद्धति में कम क्षेत्र में ज्यादा संख्या में पौधे लगाये जाते हैं। ये पौधे 10 गुणा तेजी से बढ़ते हुए सामान्य से 30 गुणा ज्यादा सघन वन बनाते हैं।

मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन में टेरेस गार्डेनिंग, मौसम आधारित कृषि संबंधी प्रदर्शनी एवं अन्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल चक्र के अनुसार खरीफ, रबी एवं गरमा मौसम में ऊपजाई जाने वाली फसलों के लिये मृदा स्वास्थ्य कार्ड का प्रबंध किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिये मौसम के अनुकूल कृषि कार्यक्रमों को अपनाकर किसान लाभ कमा सकते हैं। उन्होंने कहा कि फसलों के अवशेष को जलाने से बचना चाहिये, इसके लिये सरकार कृषि यंत्रों हैप्पी सीडर, जीरो टीलेज, रोटरी मल्चर, स्ट्रा रीपर, स्ट्रा बेलर, बाइंडर मशीन पर 75 प्रतिशत तक अनुदान दे रही है। एस0सी0/एस0टी0 एवं अति पिछड़ों को इसकी खरीद पर 80 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन यंत्रों की भी प्रदर्शनी लगायी जाय ताकि लोग जागरूक हो सकें। मुख्यमंत्री ने सिमरी पंचायत सरकार भवन स्थित आर0टी0पी0एस0 काउंटर का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने जल–जीवन–हरियाली अभियान एवं शराबबंदी के पक्ष में तथा दहेज प्रथा एवं बाल विवाह के खिलाफ 19 जनवरी 2020 को बनने वाली मानव श्रृंखला की तैयारी को लेकर किये जा रहे पूर्वाभ्यास का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, पंचायती राज मंत्री श्री कपिलदेव कामत, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री लक्ष्मेश्वर राय, सांसद श्री रामप्रीत मंडल, विधायक श्री रामप्रीत पासवान, विधायक श्री सुधांशु शेखर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, संस्कृत शिक्षा बोर्ड की अध्यक्ष डॉ0 भारती मेहता, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग श्री अमृत लाल मीणा, सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्री अरविंद चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी मधुबनी श्री शीर्षत कपिल अशोक, मधुबनी के पुलिस अधीक्षक डॉ0 सत्य प्रकाश सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******